# DAV PUBLIC SCHOOL,POKHARIPUT, BHUBANESWAR
# SAMPLE QUESTION FOR HALF YEALRY EXAMINATION -2022-2023
# CLASS VI
# SUB- LOWER HINDI

**निर्धारित समय - ३ घंटे** **अधिकतम अंक - ८०**

## सामान्य निर्देश :

**• इस प्रश्न पत्र चार खण्ड हैं। क, ख, ग और घ।**

**सभी खंड अनिवार्य हैं।**

**: प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।**

**: उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रमसंख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।**

**• कृपया जाँचकर लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।**

**खंड - (क)**

**अपठित गद्यांश - 1**

1. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)**

**1. बुदधन बहुत गरीब था। वह पक्षाघात (लकवे) से पीड़ित था। उसका 15-16 वर्ष का बेटा गोकुल मजदूरी करके घर का खर्च चलाता था। गोकुल काम करके प्रतिदिन संध्या-समय तक घर लौट आता था। उस दिन गोकुल को घर । लौटने में बहुत देर हो गई। बुदधन गोकुल के घर न लौटने के कारण परेशान था। थोड़ी देर बाद गोकुल घर लौटा और पिता के पास आकर रोने लगा। पिता के पूछने पर उसने बताया कि ओवरसियर ने मजदूरी देने से साफ़ मना कर दिया। पैसों के अभाव के कारण आज घर में खाना नहीं बनेगा। जब पिता ने घर देर से आने का कारण पूछा तो गोकुल ने बताया कि घर लौटते समय उसे रास्ते में एक बटुआ पड़ा हुआ मिला, उसमें काफी रुपये थे। वह बटुए के मालिक को ढूँढने लगा। उसे दूर जाती एक गाड़ी दिखाई दी, उसमें एक महतो बैठे थे। वह गाड़ी की दिशा में दौड़ा और आधे घंटे में गाड़ी के पास पहुँच गया। उसने महतो से पूछा, "श्रीमान, आपका कुछ खो तो नहीं गया ?" महतो ने जेब पर हाथ रखा तो वह पत्थर की तरह निस्पंद हो गया। गोकुल ने उसका बटुआ वापस लौटा दिया। महतो ने रुपये गिने, रुपये पूरे थे। उसने बटुए में से दो रुपये निकाल कर गोकुल को इनाम में देने चाहे, पर गोकुल ने लेने से साफ़ इनकार कर दिया और कहा, "मेरे पिताजी ने किसी से भीख लेने से मना किया है। मैं मुफ्त के रुपये न लूँगा।" गोकुल की बातें सुनकर बुदधन की आँखों से आँसू बहने लगे। उसे पुत्र की ईमानदारी पर गर्व हुआ। उसके निर्जीव शरीर में प्राणों का संचार हो गया। उसने गोकुल को छाती से लगा लिया।** **(1 x 5 = 5 )**

**(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**

**(ख) बुदधन किस बीमारी से पीड़ित था ?**

**(ग) बुदधन परेशान क्यों था ?**

**(घ) जब महतो ने गोकुल को दो रुपए देने चाहे, तो गोकुल ने उसे क्या कहा ?**

**(ङ)गाेकुल की बातों का बुदधन पर क्या असर हुआ ?**

(**अपठित गद्यांश 2)**

**प्रश्न 2. साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। साहसी मनुष्य सपने उधार नहीं लेता, वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है। झुंड में चलना और झुंड में चरना, यह भैंस और भेड़ का काम है। सिंह तो बिल्कुल अकेला होने पर भी मगन रहता है । अर्नाल्ड बेनेट ने एक जगह लिखा है कि "जो आदमी यह महसूस करता है कि किसी महान निश्चय के समय वह साहस से काम नहीं ले सका, वह सुखी नहीं हो सकता। बड़े मौके पर साहस न दिखाने वाला व्यक्ति बराबर अपनी आत्मा के भीतर एक आवाज सुनता रहता है । यह आवाज उसे बराबर कहती रहती है-तुम साहस नहीं दिखा सके, तुम कायर की तरह भाग खड़े हुए।"**

**(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**

**(ख) कैसी जिंदगी को सबसे बड़ी जिंदगी बताया गया है?**

**(ग) साहस की जिंदगी (साहसी जिंदगी) की क्या पहचान है?**

**(घ) साहसी मनुष्य --------- उधार नहीं लेता।**

**(ङ) --------------- तो बिल्कुल अकेला होने पर भी मगन रहता है।**

**खंड - (ख) व्याकरण**

**3. (का) निम्नालिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए। (1X3 = 3)**

**(i) सम्राट**

**(ii) हाथी**

**(iii) अध्यापक**

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।** (1X4 = 4)

(i) चिड़िया (ii) पुस्तक (iii) कुत्ता (iv) पूरी

**4. (क) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर ' बिंदु ' अथवा ' चन्द्रबिन्दु ' लगाइए।(1X2 = 2)**

(i) पजा (ii) साप

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए। (1X3 = 3)**

(i) जल (ii) आसमान (iii) साहस

**(ग) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए। (1X2=2)**

(i) कमर कसना

(ii) एक और एक ग्यारह होना

**5. (क) दिए गए संयुक्त व्यंजनों से एक-एक शब्द बनाइए। (1X2 = 2)**

(i) स्स

(ii) त्त

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के सही विलोम शब्द लिखिए।(1X4 = 4)**

(i) बेचना (ii) राजा (iii) कटु (iv) आयात

## खंड - (ग) पाठयपुस्तक

**6. पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरिए। ( 2)**

(i) मक्खी को परेशान देखकर लोमड़ी ------------------ मुस्कुराने लगी।

(ii) दीपक के -------------- पुलिसवालों को अपने साथ ले आए ।

**7. पाठ के आधार पर वाक्यों का मिलान कीजिए। (1X3 = 3)**

(क) हाथी (i) आव देखा न ताव

(ख) मक्खी ने (ii) पोटली

(ग) चोर (iii) मन ही मन हँसा

**8. किसने, किससे कहा। ? ( 1X2= 2)**

(क)" यह रहा तुम्हारा उपहार । "

(ख) " पता है, वहाँ आगे एक मकड़ी रहती है।"

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(क) सोनाली कहाँ रहती थी ?

(ख) अगर कीचड़ बाढ़ आती तो हम क्या करते ?

(ग) लालू अपने मुँह से क्या खींच रहा था ?

**10. निम्नालिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2X5 = 10)**

(क) सभी हाथी उस पहले हाथी पर क्यों नाराज़ होने लगे ?

(ख) कौवे ने अपनी प्यास बुझाने के लिए क्या किया ?

(ग) शेर मक्खी को मारने के चक्कर में अपने - आप को चोट पहुँचा लेता है। कैसे ?

(घ) सोनाली डर के मारे एक पेड़ के पीछे छिप गई। क्यों ?

(ङ) मक्खी की बात सुनकर लोमड़ी को हँसी क्यों आ गई ?

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए। (3X2 = 6)**

(क) मनुष्य हाथी की ताक़त देखकर पहले हैरान क्यों हुआ ?

(ख) सोनाली को क्यों चिंता होने लगी ? वह दादाजी के लिए क्या लेकर गई ?

**12. निम्न प्रश्न के विस्तृत उत्तर लिखिए । (4X1= 4)**

हाथी पेड़ उखाड़कर क्या किया ? पेड़ उखड़ने से किस किस को नुकसान पहुँचा होगा ?

अथवा

चोर कैसे पकड़ा गया ?

**खंड (घ)**

**रचनात्मक लेखन**

**13. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)**

**कोई त्यौहार**

अथवा

**हमारा राष्ट्रीय झंडा**

अथवा

**प्रिय अध्यापक**

**14. पत्र लेखन**

**आठ दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**आपके मोहल्ले की नालियों की ठीक से सफ़ाई नहीं हो रही है। इसकी शिकायत करते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।**

**15. चित्र लेखन (5)**

निम्नलिखित चित्र पर अपने विचार लिखिए।



**अथवा**

**निम्नलिखित चित्र पर अपने विचार लिखिए।**



**16. संवाद लेखन (5)**

**अपने - अपने जीवन लक्ष्य के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।**

**अथवा**

**" व्यायाम की उपयोगिता " पर पिता - पुत्र के बीच की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।**